एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रवीना बनीं स्क्रिप्ट राइटर, साइन किए चार प्रॉजेक्ट

आज के दौर में महिलाएं हर फील्ड में सशक्त है। उन्हीं में से एक हैं ऐक्ट्रेस रवीना टंडन, जिन्होंने ऐक्टिंग के साथ-साथ कई और फील्ड में भी सफलता के झंडे गाड़े हैं। नैशनल अवॉर्ड विनर रवीना अब जल्द ही स्क्रीनप्ले राइटिंग के अपने सीक्रेट टैलंट को दुनिया के सामने लाने के लिए बिलकुल तैयार हैं। हमेशा से महिला सशक्तिकरण की आवाज बनीं रवीना टंडन ने महिलाओं को अलग-अलग क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। अपनी इसी सलाह पर ध्यान देते हुए उन्होंने अपने खुद के बैनर ए ए फिल्म्स के लिए चार स्क्रिप्ट लिखी हैं। रवीना ने अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए बताया कि ये चारों कहानियां डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए हैं। राइटर के तौर पर अपना नया सफर शुरू करने जा रहीं रवीना टंडन यह जानने के लिए काफी एक्साइटेड हैं कि वेब शो पर किस तरह की राइटिंग लोगों को पसंद आती है। इस बारे में बातचीत करते हुए रवीना ने कहा, हम अपनी कहानी को फ्लोर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं और यह सभी वेब प्लेटफॉर्म के लिए हैं। मुझे लगता है यह मीडियम बहुत अच्छा है, यहां पर एक्सपेरिमेंट्स कर सकते हैं और हमारे पास यहां पर करने के लिए काफी कुछ होता है। यह आपको अपनी कहानी कहने की स्वतंत्रता देता है, साथ ही साथ इसमें 2 घंटे का रिस्ट्रिक्शन भी नहीं होता है। यह बहुत ही उत्साहित करने वाला स्पेस है। अपने 28 साल के लंबे करियर में रवीना टंडन हमेशा से ही ऑल राउंडर रही हैं। ऐक्टिंग में खुद को साबित करने के बाद रवीना टंडन ने सफलतापूर्वक वाइल्ड लाइफ फटॉग्रफी की शुरुआत की। उन्होंने चैरिटेबल फाउंडेशन को स्थापित करने के साथ ही जूलरी डिजाइनिंग, एडिटोरियल कॉलम लिखना और सुपरहिट टीवी रिएलिटी शो नच बलिए 9 में बतौर जज बनकर सबका दिल जीता।

मेरी मां ने मुझे डांस के साथ मार्शल आर्ट्स भी सिखाया: अदा शर्मा

ऐक्ट्रेस अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म कमांडो 3 में जोरदार ऐक्शन सीन करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने उन्हें डांस के अलावा मार्शल आर्ट की भी ट्रेनिंग दी है। उन्होंने बताया कि बचपन में ही उनका डांस के साथ ही फिजकल ट्रेनिंग की तरफ झुकाव था। अदा का कहना है कि डांस और ऐक्शन लगभग एक जैसे हैं क्योंकि दोनों में ही कोरियॉग्रफी की जरूरत पड़ती है। अदा ने कहा, मेरी मां ने मुझे केवल कथक ही नहीं बल्कि कलारिपयट्टू और मल्लखंब की भी ट्रेनिंग दी है। जब अदा से पूछा गया कि क्या कभी असल जिंदगी में उन्हें मार्शल आर्ट काम आई तो उन्होंने कहा, जब मैं सातवीं क्लास में थी तब अपने ट्यूशन से घर लौट रही थी। तब कुछ लड़कों ने मेरे ऊपर पत्थर फेंके। मैं मुड़ी और उनसे ऐसा नहीं करने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद एक लड़का मेरे पास आकर बोला क्या करोगी? उस समय मेरे अंकल की सिखाई ताई ची याद आई और मैंने इसके मूव को बखूबी इस्तेमाल करते हुए उसके मुंह पर जड़ दिया। इसके बाद मैं तेजी से वहां से निकल गई। फिल्म में अपने को-स्टार विद्युत जामवाल के बारे में उन्होंने कहा कि वे दोनों कमांडो 2 के दौरान अच्छे दोस्त बन गए थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों फिटनेस और मार्शल आर्ट के बारे में अक्सर चर्चा करते रहते हैं। अदा ने कहा कि विद्युत की फिजिकल और मेंटल स्ट्रेंग्थ उन्हें काफी प्रेरित करती है। अदा शर्मा ने बताया कि कमांडो 3 के लिए उन्होंने केवल अपनी कलारिपयट्टू ही नहीं बल्कि सिलम्बम की भी ट्रेनिंग ली है जो एक तमिल युद्ध कला है। इसके अलावा उन्होंने शार्प शूटिंग की भी ट्रेनिंग ली है। फिल्म में वह एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की भूमिका मे दिखाई देंगी।

फिल्म उद्योग में बुरे बर्ताव पर प्रतिबंध नहीं: नित्या

अभिनेत्री नित्या मेनन को फिल्मों में काम करते हुए एक दशक से भी अधिक वक्त हो चुका है, ऐसे में उनका कहना है कि उन्हें कभी भी यहां असुरक्षित महसूस नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि उन्होंने बुरे बर्ताव का सामना किया है, क्योंकि फिल्म उद्योग में उस पर प्रतिबंध नहीं है। गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में नित्या से उनकी फिल्मी सफर के बारे में और उनसे फिल्म जगत में महिलाओं के असुरक्षित होने की आम धारणा के बारे में पूछा गया।

इस बारे में नित्या ने कहा, आप उतने ही सुरक्षित होते हैं, जितना खुद को रखते हैं। कोई भी आप पर तब तक दबाव नहीं डाल सकता है, जब तक आप नहीं चाहते। मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ, जिससे कि मैं खुद को असुरक्षित महसूस करूं। हां, मैंने बुरे बर्ताव का सामना किया है और मैंने उसके खिलाफ आवाज भी उठाई है। मैंने कहा है कि क्या आपका खुद का सम्मान नहीं है?, ऐसा मत करो। बुरा बर्ताव आपको हर जगह मिलेगा, फिल्म उद्योग भी इससे अछूता नहीं है।